# बिहार विधान-सभा वाद्वृत्त

(भाग-1—कार्यवाही प्रश्नोत्तर)

बुधवार, तिथि 6 जुलाई, 1983

## विषय-सूची


| विषय | पृष्ठ |
|---|---|
| प्रश्नों के मौखिक उत्तर :— | 1—7 |
| अल्पसूचित प्रश्नोत्तर 28 एवं 501 ... ... ... | |
| तारांकित प्रश्नोत्तर संख्या 847, 1494—1499, 1502—1504 ... | 8—25 |
| परिशिष्ट (प्रश्नों के लिखित उत्तर) ... ... ... | 27—49 |
| दैनिक निबंध ... ... ... ... | 51—52 |


टिप्पणी—किन्हीं मंत्रियों एवं सदस्यों ने अपना भाषण संशोधित नहीं किया है।

उसी ग्राम में एक दूसरे मकान को किराया पर लेकर उपकेन्द्र चलाया जा रहा है। प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर यह उपकेन्द्र कभी बन्द नहीं किया गया है, अतः पुनः चालू करने का प्रश्न नहीं उठता है।

---

स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन का निर्माण।

1544. श्री सुरेन्द्र यादव—क्या मन्त्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के घोघरडीहा प्रखंड के अन्तर्गत वसुआरी में स्वास्थ्य उपकेन्द्र स्थित है जिसे अपना भवन नहीं है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक भवन निर्माण कराने का विचार रखती है ?

श्री रामाश्रय प्रसाद सिंह—(1) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(2) न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अन्तर्गत निधि की उपलब्धता के आधार पर एक कालबद्ध योजनान्तर्गत स्वास्थ्य उपकेन्द्रों के भवनों का निर्माण सम्बद्ध होगा।

---

शराब की दूकान को हटाना।

1545. श्री राम सेवक सिंह—क्या मन्त्री, उत्पाद विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत रोहतास थाना में तेलकूप मोड़ पर देशी शराब की भट्टी से शराब की बिक्री 1976 से की जाती है;

(2) क्या यह बात सही है कि तेलकूप मोड़ के बगल में गांव के बच्चों का स्कूल है तथा भट्ठी से 50 गज की दूरी पर शिवजी का विशाल मन्दिर है जहां सैकड़ों लोग पूजा करने जाते हैं;

(3) क्या यह बात सही है कि देशी शराब का लाइसेंस असभोर के नाम पर है लेकिन नाजायज तरीके से तेलकूप मोड़ पर बेचा जा रहा है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार तेलकूप मोड़ से शराब की दूकान हटाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक ?

श्री करम चन्द भगत—(1) वस्तुतः तेलकूप मोड़ से कुछ दूर पर अमझोर में देशी शराब की दूकान है।

(2) अतः अमझोर देशी शराब की दूकान से पश्चिम 525 गज की दूरी पर बच्चों का स्कूल तथा 95 गज की दूरी पर श्री त्रिवेणी साव का निजी शिवमन्दिर है।

(3) दूकान तेलकूप में नहीं, अमझोर में है।

(4) चूंकि देशी शराब दूकान नियमानुकूल आपत्तिरहित स्थान में है, अतः इसे हटाने का प्रश्न नहीं उठता।

---

डाक्टरों का पदस्थापन।

1546. श्री राम सेवक सिंह—क्या मंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत अकबरपुर अस्पताल में सिर्फ एक डाक्टर दो वर्षों से पदस्थापित हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि अकबरपुर अस्पताल में चार डाक्टर कार्यरत थे;

(3) क्या यह बात सही है कि डाक्टर के अभाव में उक्त अस्पताल में आम जनता को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार वहाँ पर उपर्युक्त डाक्टरों का पदस्थापन करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

श्री रामाश्रय प्रसाद सिंह—(1) उत्तर स्वीकारात्मक है। अकबरपुर (रोहतास प्रखण्ड) में डा० रामानुज सिंह, चिकित्सा पदाधिकारी, दिनांक 16 जुलाई, 1981 से कार्यरत हैं।

(2) अकबरपुर प्रखण्ड में चिकित्सा पदाधिकारी के 4 पद स्वीकृत हैं जिसमें अभी 3 पद रिक्त हैं।